

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 71 | इंदौर, शनिवार 16 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए







# पूरा शहर हुआ पानी पानी

## 24 घंटे में रिकॉर्ड तोड़ 7 इंच



## मूसलाधार बारिश



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। इंदौर में शुक्रवार शाम से लगातार बारिश शनिवार सुबह आफत में बदल गई है। 24 घंटे में सात इंच से ज्यादा पानी गिरा है। शहर में सितंबर में 61 साल में कभी ऐसी बारिश नहीं हुई। रातभर से जारी बारिश से कई घरों में पानी घुस गया है। लोग घर में ही कैद हैं। महेश नगर में निचली बस्ती के घरों को खाली करा लिया गया है। तालाबों के किनारे के अन्य भी कई इलाकों में घर खाली कराकर रिलिफ कैम्प में भेजे जा रहे हैं। प्रशासन प्रभावितों में फूड पैकेट बंटवाएगा। लोगों की मदद के लिए नगर निगम के कंट्रोल रूम में नंबर 93295 55202, 0731 253 5555, 0731 4030100 जारी किए गए हैं। आज स्कूलों की छुट्टी रखी गई है।

शनिवार सुबह सुपर कॉरिडोर पर सर्विस रोड की पुलिया से स्टाफ की मिनी बस बह गई। 15 लोग सवार थे, सभी को बचा लिया गया है। गांधी नगर क्षेत्र और एमआर-10 वाले हिस्से में पानी भर गया। कई कॉलोनियों में घुटने-घुटने पानी भरा हुआ है।

उधर, खंडवा रोड पर नर्मदा का मोरटक्का पुल बंद कर दिया गया है। ओंकारेश्वर में मूर्ति अनावरण में जाने वाले लोगों को नहीं आने की सलाह दी गई है। इससे पहले रात में पूर्व मंत्री रंजना बघेल का बेटा और उसका दोस्त चोरल में बहकर फंस गया। दोनों को देर रात बचा लिया गया है।

सीजन की यह सबसे तेज और घनघोर बारिश है। 24 घंटे में सात इंच बारिश के साथ शहर की सीजन की बारिश का कोटा पूरा हो गया। अब तक कुल 39 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 2 इंच ज्यादा है। शहर का रिकॉर्ड देखें तो इससे पहले 20 सितंबर 1962 को 24 घंटे में करीब 6.5 इंच पानी गिरा था। यानी सितंबर की बारिश का 61 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। उधर, देपालपुर में एक दिन में रिकॉर्ड 10 इंच बारिश हुई है।

अलर्ट को देखते हुए कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आज शनिवार को जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश की घोषणा की है। मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सभी रेस्क्यू दल अलर्ट पर हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निगम के आला अधिकारियों और सभी झोन के अफसरों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। वे खुद भी कंट्रोल रूम पहुंच गए। इधर, देर रात तक करीब 1000 हजार शिकायतें बिजली समस्या से जुड़ी भी पहुंची हैं। रातभर सप्लाई नॉर्मल करने का काम चला।

**पेज 2, 8 भी देखें**



# इंदौर में बारिश ने तोड़ा 61 साल का रिकॉर्ड, कई इलाके जलमग्न; अगले दो दिन जमकर बरसेंगे बादल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में हो रही तेज बारिश ने 61 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। 1962 में 20 सितंबर को 6.65 इंच बारिश हुई थी,जबकि शुक्रवार से शनिवार सुबह तक 6.73 इंच हो चुकी है। सितंबर माह में 24 घंटे में अब तक हुई यह सर्वाधिक बारिश का रिकार्ड है। 1962 से पहले एक दिन में छह इंच बारिश वर्ष1896 में इंदौर में हुई थी।

शुक्रवार शाम चार बजे से हुई बारिश ने शहर के कई हिस्सों को जलमग्न कर दिया है। एक दिन में हुई छह इंच से ज्यादा बारिश से कई बस्तियों में पानी भर चुका है। शहरवासियों ने सितंबर माह में इतनी बारिश इससे पहले कभी नहीं देखी। वर्षों बाद इतनी बारिश सितंबर माह में हो रही है। इंदौर में इससे पहले 1962 में छह इंच बारिश हुई थी। 61 साल बाद शहर में छह इंच से ज्यादा बारिश हुई है। बंगाल की खाड़ी पर बने कम दबाव के क्षेत्र और अरब सागर से आ रही नमी के कारण इंदौर में तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन भी शहर में तेज बारिश होगी।

### 1954 में हुई थी सितंबर माह में सर्वाधिक 30 इंच बारिश

इंदौर में सितंबर माह में सर्वाधिक वर्षा का रिकॉर्ड 1954 में बना था। तब इंदौर में 30 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। अब तक यह रिकॉर्ड नहीं टूटा है। बारिश के इस सीजन में जुलाई में भी हुई बारिश ने दस साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। जुलाई माह में 22 इंच बारिश हुई थी। इतनी बारिश 10 साल पहले इंदौर में हुई थी,जबकि अगस्त में सबसे कम बारिश हुई। पूरे अगस्त माह में सिर्फ तीन इंच बारिश हुई थी।

### सितंबर में बारिश का कोटा पूरा

इंदौर में बारिश के सीजन में 35 से 40 इंच बारिश होती है। अब तक शहर में 35 इंच बारिश हो चुकी है। इसके साथ बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। अगले दो दिनों में भी तेज बारिश की भविष्यवाणी मौसम विभाग ने की है।







## कटाक्ष




# बदला लेने को खुद पर किया चाकू से हमला

## पुराने विवाद में आरोपियों को भेजना चाहता था जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चंदन नगर में खिजरा पार्क कालोनी मे रहने वाले अनवर तथा जावेद शाह के बीच मुर्गा घर मे घुस जाने की बात को लेकर 11 सितंबर को विवाद हुआ था जिसमे दोनों पक्षों द्वारा आपस मे मारपीट की गई थी । मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद चंदननगर पुलिस ने दोनों गुटों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले कीजांच शुरु की।

जांच के दौरान ही दो दिन पहले इमरान पिता अनवर, खिजरापार्क कालोनी अपने दोस्त अमन के साथ लहूलुहान हालत में चंदननगर थाने पहुंचा। उसने बताया कि गत दिनों मुर्गा घर में घुसने की बाता को लेकर हुए विवाद को लेकर जावेद, शहजाद,और आरिफ़ ने मिलकर गोसिया नगर पानवाले चाचा के घर के पास दिन दहाड़े हत्या करने की नीयत से उसके पेट मे दो जगह चाकू से मार कर घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने हमले की गंभीरता को देखते हुए इमरान को अस्पताल पहुंचाया और आरोपियों के खिलाफ प्राणघातक हमले का केस दर्ज कर लिया।

### घाव से लगा संदेह

पुलिस ने मामले की जांच की तो मेडिकल रिपोर्ट से पता चला कि इमरान को दो घाव लगे हैं वह संदेह पैदा कर रहे हैं उसे किसी ने चाकू से नहीं मारा है वरन वे घाव उसके खुद के लगाए हुए प्रतीत हो रहे हैं। पुलिस टीम इमरान और उसके साथी को लेकर वारदात वाले स्थान पर लेकर पहुंची तो दोनों के बयान में विरोधाभास मिला।

### जांच में हुआ खुलासा

इसके बाद इमरान तथा अमन से बारीकी से पूछताछ की गई और दोनों के मोबाईल का निरीक्षण किया गया जिसमे भी विसंगति पाई गई । पुलिस ने आरोपी जावेद तथा आरिफ़ से पूछताछ की गई तो दोनों ने बताया की घटना का जो समय इमरान ने बताया है उस समय तो वे वहां मौजूद ही नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज चैक किए तो पता चला कि आरोपी और कहीं थे। इसके बाद पुलिस ने दोबारा पूछताछ की तो इमरान ने स्वीकार किया कि उसने उसके दोस्त अमन और अमन के एक रिश्तेदार के साथ मिलकर जावेद और आरिफ को जेल भेजने के लिए प्लानिंग की थी। पुलिस अब झूटी रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले इमरान के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## ◆ लूट एवं वाहन चोरी का आदतन आरोपी पकड़ाया

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने लूट एवं वाहन चोरी करने वाले आदतन आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से दो वारदातों का माल भी बरामद किया गया है। मुखबिर से क्राइम ब्रांच टीम को सूचना मिली एक संदिग्ध दोपहिया वाहन चोरी एवं लूट की वारदात को अंजाम दे रहा है वह इलाके में ही घूमता हुआ दिखा है। टीम ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकित चौहान, आम्रकुंज कॉलोनी,एरोड्रम रोड को पकड़ा। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी ने एमजी रोड क्षेत्र से एक्टिवा वाहन को चोरी कर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। दूसरी वारदात में आरोपी ने जूनी इंदौर क्षेत्र से फरियादी के हाथो से मोबाइल, नगदी एवं घडी लूटने की वारदात स्वीकारी। पुलिस ने दोनों वारदातों में चुराई गई एक्टिवा,लूट का मोबाइल,घड़ी आदि बरामद कर ली है। इससे पूछताच की जा रही है।

# 2.50 लाख का नकली इलेक्ट्रिक सामान जब्त सामान

## एक लाख के आईफोन के नकली एसेसरिज भी बरामद, दो स्थानों से आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिय़ा इलाके से 2.50 लाख रुपए के ब्रांडेड कंपनी के नकली इलेक्ट्रीक सामान बेचने वालों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। वहीं तुकोगंज पुलिस ने एक लाख रुपए के आईफोन के नकली एसेसरिज बेचने वाले चार लोगों को बंदी बनाया है।**

ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली इलेक्ट्रिक सामान बेचने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं और लसूडिय़ा इलाके में किराए का मकान लेकर दिल्ली से डुप्लीकेट माल मंगवाकर सियागंज में बेच रहे थे। इनसे 2.50 का नकली माल बरामद किया गया है।

क्राइम ब्रांच टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एंकर,पोलीकेब,हेवल्स कंपनी के हुबहू नकली इलेक्ट्रिक सामान लसूडिया क्षेत्र में कुछ व्यक्ति सस्ते दामों में बेच रहे है, जिससे ना सिर्फ कंपनियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि इलेक्ट्रिक समान की गुणवत्ता खराब होने से नामी क पनियों की प्रतिष्ठा भी धूमिल हो रही है और शासन को राजस्व की हानि भी पहुंचाई जा रही है ।

टीम ने थाना लसुडिया पुलिस के साथ मिलकर हरे कृष्ण विहार निपनिया रोड पर छापा मारा और आरोपी नरेंद्र बिरडा निवासी हरे कृष्ण विहार निपनिया रोड एवं बबलू भाटी निवासी हरे कृष्ण विहार निपनिया रोड को पकड़ा। ये नामी कंपनियों के नाम से नकली माल बेच रहे थे।

आरोपियों से पूछताछ करते बताया की दोनों आरोपी राजस्थान के नागोर जिले के मूल निवासी है, जो हरे कृष्ण विहार निपनिया में किराए के घर में रहते हुए, दिल्ली से ट्रांसपोर्ट के जरिए ब्रांडेड कंपनी के नाम एवं हुबहू दिखने वाले नकली इलेक्ट्रिक सामान मंगवाकर सियागंज क्षेत्र की दुकानों के माध्यम से सस्ते में बेच रहे थे। दोनो के कब्जे से एंकर,पोलीकेब,हेवल्स कंपनी के 1 एमएम के 50 बंडल, 1.5 एमएम के 31 बंडल, 2.5 एमएम के 17 बंडल,4 एमएम के 9 बंडल वायर्स एवं पेंटा रेगुलेटर के 4 बॉक्स(प्रत्येक में 19 नग) 2 डमी बॉक्स(प्रत्येक में 48 नग) जप्त कर केस दर्ज कर आरोपियों को गिर तार कर लिया गया है।

उधर, तुकोगंज इलाके में भी एप्पल कंपनी के नकली एससरिज के मामले का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने करीब एक लाख रुपए के डुप्लीकेट एसेसरिज जब्त की है। एप्पल कंपनी दिल्ली के अधिकारियों की शिकायत बाद आईफोन की नकली एसेसरीज बनाकर बेचने वाले व्यापारियों खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि आईफोन के नकली होलोग्राम बनाकर यह डुप्लीकेट एसेसरीज बेची जा रही है। तुकोगंज पुलिस को शिकाचत की गई पुलिस ने चार व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1292 नकली आईफोन की एसेसरीज जब्त की गई है। थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि दिल्ली के आईफोन के कुछ अधिकारियों ने शिकायत की थी। पुलिस ने चार आरोपी पंकज साहू पिता चंदूलाल साहू सुदामा नगर, रोहित पिता रमेश चौरसिया गौरी नगर, किशोर अटलानी पिता जवाहर अटलानी खातीवाला टैंक, सिद्धार्थ पिता एमपी सिंह मंगल नगर को गिर तार कर आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## 20 लाख की ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया

**इन्दौर।** पुलिस ने गांधीनगर इलाके में एक ड्रग्स तस्कर को चैकिंग के दौरान पकड़ा और उससे 20 लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की गई है। क्राइम ब्रांच टीम व थाना गांधी नगर को चेकिंग के दौरान एमार ग्रीन्स के पास सुपर कॉरिडोर गांधी नगर इंदौर की तरफ एक लाल काले रंग की अपाचे पर एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखा जिसको पुलिस ने रोक कर चेक किया गया,उसने अपना नाम .मोहित शर्मा निवासी नंदन नगर बताया। आरोपी की तलाशी लेते उसके कब्जे से 205 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी बाइक भी जब्त कर ली गई है। आरोपी से अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ की जा रही है। गांधीनगर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया है।



# ओंकारेश्वर बांध के 22 गेट खोले जाएंगे, नर्मदा में बनेंगे बाढ़ से हालात, अलर्ट जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। मध्यप्रदेश में लगातार भारी बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। प्रदेश के मुख्य नदी नर्मदा का जलस्तर बढ़ रहा है। प्रदेश के 6 डैम के गेट खोलने पड़े हैं। बरगी-तवा बांध में पानी की आवक लगातार बढ़ने से 13-13 गेट खोलकर पानी बहाया जा रहा है। देर रात ओंकारेश्वर बांध के 22 गेट खोले जाने का अलर्ट जारी किया गया है। इससे नर्मदा में पानी तेजी से बढ़ेगा। आसपास के इलाकों में चेतावनी दी गई है। प्रशासन लगातार नजर बनाए रखे है। 21 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई।**



मध्य प्रदेश के खंडवा में नदी नाले उफान पर हैं, तो वहीं आसपास के बांधों से छोड़े जाने वाले पानी के चलते नर्मदा नदी भी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। बताया जा रहा है कि ओंकारेश्वर में बांध प्रबंधन ने भी शुक्रवार और शनिवार के दरमियानी रात ओंकारेश्वर डेम के 22 गेट खोलने का निर्णय लिया है। गेट खुलने के बाद डेम के ऑंठो टरबाइन सहित कुल 10172 क्यूमैक्स जल नर्मदा नदी में छोड़ा जाएगा। इसके चलते आसपास के सभी क्षेत्रों में अलर्ट जारी है। बताया जा रहा है कि इससे वह रपटा भी डूब जाएगा, जो आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा अनावरण स्थल तक जाने हेतु नर्मदा नदी के बीच बनाया गया है।

इधर एनएचडीसी ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर बताया है कि वर्तमान में इंदिरा सागर बांध का जल स्तर 261.76 मीटर तथा ओंकारेश्वर बांध का जलस्तर 195.05 मीटर है। वर्तमान में अपस्ट्रीम स्थित बरगी बांध से 3480 क्यूमेक्स तथा तवा बांध से 9571 क्यूमेक्स पानी प्रवाहित हो रहा है। पानी की आवक को देखते हुए इंदिरा सागर बांध से कभी भी अतिरिक्त जल की निकासी की जा सकती है। उक्त संभावना के देखते हुए देर रात में ओंकारेश्वर बांध के गेटों से 8000 क्यूमेक्स जल की निकासी की जाएगी। इस प्रकार बांध के गेटों एवं विद्युत गृह द्वारा कुल 10088 क्यूमेक्स जल की निकासी की जाएगी। इसके कारण जिला प्रशासन को बांध के डाउनस्ट्रीम में आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाने के लिए बताया गया है। कलेक्टर खंडवा अनूप कुमार सिंह ने बताया कि अभी इंदिरा सागर डैम से पानी छोड़ने के लिए अलर्ट जारी किया जा चुका है। डेम प्रबंधन अग्नि नदी के पानी का वाटर लेवल देखेगा। इसके बाद पानी छोड़ने का निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल सुरक्षा के मद्दे नजर अलर्ट जारी किया हुआ है।

### अन्य जिलों में भी हालात खराब

बालाघाट में भारी बारिश के कारण परसवाड़ा के सलंगटोला में रोड धंस गई। इससे जिले का सिवनी से संपर्क टूट गया। महकारी नदी में उफान आने से किनारे बसे गांवों में 24 से ज्यादा कच्चे मकान ढह गए। नरसिंहपुर जिले में सीतारेवा और शक्कर नदी उफान पर हैं। छिंदवाड़ा में भी नदी-नाले उफान पर हैं। माचागोरा डैम के सभी 8 गेट खोले गए हैं। इनको 34% तक खोलकर 3800 क्यूबिक मीटर पानी छोड़ा जा रहा है। पेंच नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से चांद क्षेत्र में अलर्ट जारी किया है।

### बड़वानी में स्कूल रहेंगे बंद

लगातार हो रही बारिश से बड़वानी जिले के नदी-नाले उफान पर हैं तो वहीं अब इसका असर आम जनमानस के जीवन पर भी पड़ने लगा है जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि के चलते जल जमाव होने से जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक शनिवार का अवकाश घोषित किया गया है । हालांकि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए है ।

### बरगी और तवा डेम के 13-13 गेट खोले गए

लगातार वर्षा के चलते बरगी डैम तथा तवा डैम के गेट खोले गए हैं। इससे नर्मदा नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। नर्मदा नदी के बढ़ते जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुए सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने समस्त नागरिकों से प्रभावित क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की है। उन्होंने सभी नागरिकों से नर्मदा तट के घाटों से उचित दूरी बनाए रखने के लिए कहा है। तवा परियोजना के कार्यपालन यंत्री वीके जैन ने बताया कि तवा डैम के कैचमेंट में लगातार भारी वर्षा हो रही हैं। जिसके चलते तवा डैम के 13 गेट 20-20 फीट तक खोले गए हैं। इससे लगभग 11328 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जाएगा। यह पानी लगभग 12:00 बजे जिले के बुधनी घाट पहुंचेगा। इससे बुधनी घाट सहित सभी घाटों पर नर्मदा नदी का जलस्तर अधिकतम 962 फीट बढ़ने की संभावना हैं। इसी प्रकार बरगी बान्ध जबलपुर का वर्तमान लेवल 422.85 मीटर है। जो एफआरएल से अधिक है और निरंतर बढ़ रहा है। बांध के कैचमेंट एरिया में गत 48 घंटे में भारी वर्षा दर्ज की गई है।

## तेज बारिश में ट्रैक पर गिरे पत्थर, रतलाम मंडल में रेल हादसा, कई ट्रेनों को रोका



**इंदौर।** रतलाम मंडल के रतलाम दाहोद सेक्शन में 12494 निजामुद्दीन मिराज एक्सप्रेस पटरी से उतर गई है। तेज बारिश की वजह से ट्रैक पर पत्थर गिर गए जिससे यह हादसा हुआ। रतलाम रेल मंडल ने जानकारी जारी करते हुए कहा है कि ट्रेन के पावर इंजन डिरेल हुए हैं। रतलाम मंडल के सभी अधिकारी साइट पर हैं। मेडिकल और एक्सीडेंटल हेल्प ट्रेन भी पहुंच गई है। अभी तक जनमाल की किसी तरह की हानी नहीं हुई है। ट्रेन को सुधारने संबंधित सभी आपरेशन चल रहे हैं। कई ट्रेनों को रोका गया है लेकिन जल्द सभी नियमित हो जाएंगी। ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद लोग कई घंटों तक परेशान होते रहे। रतलाम रेल मंडल ने लोगों के खाने पीने और रुकने की व्यवस्था की है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी एक टीम को लगाया गया है।

## फर्नाखेड़ी रोड पर बस पलटने से तीन की मौत

**उज्जैन।** तेज बारिश और अंधे मोड़ के कारण शुक्रवार रात उज्जैन जिले के खाचरोद क्षेत्र में एक भयावह दुर्घटना घटित हो गई, जिसमे तीन लोगों की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस दुर्घटना में घायल हुए सभी लोगों को उपचार के लिए अस्पताल तो भिजवा दिया गया है, लेकिन रेस्क्यू के दौरान पुलिस को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा और बस के नीचे दबे एक व्यक्ति को निकालने के लिए क्रेन तक बुलवाना पड़ी। जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले के खाचरोद में शुक्रवार रात फर्नाखेड़ी मोड़ पर बड़ा हादसा हो गया। जिसमें इंदौर से जोधपुर जाने वाले वाली अशोक ट्रेवल्स की बस क्रमांक एन एल 07 बी 0714 तेज बारिश के कारण अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिसमें तीन यात्रियों की मौत हो गई।



# संपादकीय

## काम अधूरा

राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का प्रवेश रोकने के लिए लंबे समय से बहसें चलती रही हैं। अमूमन सभी दल और उनके नेता इसे लेकर चिंता जताते हैं, मगर विडंबना यह है कि अब तक कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बन सकी है, जिसमें किसी अपराध में लिप्त रहे व्यक्ति को संसद या विधानसभा में पहुंचने से रोका जा सके। मौजूदा कानूनों में जो प्रावधान किए भी गए हैं, वे एक स्तर के बाद इस मामले में कारगर नहीं रह पाते। यह बेवजह नहीं है कि आज भी देश की राजनीति को आपराधिक छवि के लोगों से मुक्त करने का काम अधूरा है। अब इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमित्र ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिए एक बार दोषी करार दे दिया जाता है तो उसके चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा देना चाहिए। इस रपट को राजनीति में आपराधिक छवि के लोगों के दखल को रोकने की दिशा में एक अहम विचार के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि मौजूदा कानूनी व्यवस्था के तहत अदालत की ओर से किसी अपराध का दोषी घोषित हो जाने और दो साल से ज्यादा की सजा पाने वालों को चुनाव लड़ने पर पाबंदी है, लेकिन यह अवधि छह साल की है। इस अवधि के बाद वही व्यक्ति फिर से संसद या विधानसभा का चुनाव लड़ सकता और जीतने के बाद जनप्रतिनिधि कहला सकता है। अब न्यायमित्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सांसदों को अधिक पवित्र और कानून का पालन करने वाला होना चाहिए। चूंकि सांसद और विधायक लोगों की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए एक बार नैतिक अपराध से जुड़ा पाए जाने के बाद उन्हें स्थायी रूप से चुनावी राजनीति के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाना चाहिए। इस संदर्भ में यह पक्ष विचार योग्य हो सकता है कि केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों पर लागू सेवा नियमों के अनुसार, नैतिक अधमता से जुड़े किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्ति को सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है, मगर राजनेताओं को इस मामले में अलग स्तर पर क्यों रखा गया है। हालांकि दिसंबर, 2020 में केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और राजनेताओं के बीच तुलना को खारिज कर दिया था।

### स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी

# लक्ष्य पर ध्यान





यह उन दिनों की बात है जब स्वामी विवेकानंद अमेरिका में थे। एक दिन वो सैर के लिए निकले और घूमते-घूमते एक पुल के पास पहुंचे। तभी उनकी नजर पुल पर खड़े बच्चों पर गई। सभी बच्चे बंदूक से पुल के नीचे बहती बड़ी-सी नदी में तैर रहे अंडों के छिलकों पर निशाना लगाने की लगातार कोशिश कर रहे थे। कई कोशिशों के बाद भी वो एक बार भी अंडे के छिलके पर सही निशाना नहीं लगा पाए।

यह देखकर स्वामी विवेकानंद बड़े हैरान हुए। उनके मन में हुआ कि मुझे भी एक बार कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों से बंदूक मांगी और खुद निशाना लगाने लगे। स्वामी ने बंदूक तानी और अंडे के छिलके पर पहली बार में ही निशाना लगा लिया। पहला निशाना सही लगने के बाद उन्होंने एक के बाद एक कई सारे अंडे के छिलकों पर सही निशाना लगाया।

स्वामी के निशाने की कला को देखकर बच्चे हैरान रह गए। बच्चों ने स्वामी से पूछा कि आखिर वो कैसे एक के बाद एक सही निशाना लगा रहे हैं। आगे बच्चों ने कहा कि वो बहुत देर से उन छिलकों पर निशाना लगाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। हमें भी बताइए सही तरीके से निशाना लगाने के लिए क्या करना चाहिए।

स्वामी विवेकानंद ने बच्चों को जवाब देते हुए कहा कि इस दुनिया में ऐसा कोई काम नहीं है, जो किया नहीं जा सकता। दुनिया में कोई भी काम असंभव नहीं है। बस अपना सारा ध्यान उस काम की तरफ लगाओ, जिसे तुम्हें करना है या जिसे तुम कर रहे हो। उन्होंने आगे बताया कि अगर निशाना लगाते वक्त तुम्हारा सारा ध्यान अंडे के छिलके पर होता, तो तुम निशाना ठीक तरीके से लगा पाते।

### कहानी से सीख

लक्ष्य को पूरा करने की चाहत रखने वाले को हमेशा पूरा ध्यान उस लक्ष्य पर ही रखना चाहिए। ऐसा करने से लक्ष्य चूकता नहीं है।

# मुल्ला नसरुद्दीन का भाषण

मुल्ला नसरुद्दीन अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के लिए हमेशा चर्चा में रहते थे। एक दिन उन्हें शहरवासियों ने भाषण देने के लिए आमंत्रित किया। मुल्ला नसरुद्दीन जब मंच पर आए, तो सभी की नजर उन पर थी। भाषण देने से पहले उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से पूछा, ''क्या आप लोगों को पता है कि मैं किस विषय पर बोलने वाला हूं?''



भाषण सुनने आए लोगों ने उत्तर दिया कि हमें नहीं मालूम कि आप कौन से विषय पर बोलने वाले हैं। यह सुनते ही मुल्ला नसरुद्दीन चिढ़ गए और कहने लगे, "अगर आप लोगों को नहीं पता कि मैं किस विषय पर भाषण देने वाला हूं, तो मेरे भाषण देने का कोई मतलब नहीं है।" इतना बोलकर वह मंच से नीचे उतर कर चले गए।

मुल्ला नसरुद्दीन की इस बात को सुनकर वहां मौजूद लोग काफी शर्मिंदा हुए और उन्होंने एक हफ्ते बाद फिर से उन्हें भाषण देने के लिए आमंत्रित किया।

मंच पर आने के बाद मुल्ला ने फिर से पहले वाला सवाल दोहराया, "क्या आप लोगों को पता है कि मैं आज कौन से विषय पर बोलने वाला हूं?"

इस बार भाषण सुनने आए लोगों ने जवाब दिया, "जी हां, हमें पता है कि आप किस विषय पर भाषण देने वाले हैं।" मुल्ला ने चिढ़ते हुए कहा, "अगर आप सभी को पता है कि मैं किस विषय पर भाषण देने वाला हूं, तो मेरा बोलना बेकार है। मैं अपना और आप सभी का समय बर्बाद नहीं करना चाहता हूं। यह बोलकर मंच से उतरकर मुल्ला चले गए।"

मुल्ला की बात सुनकर सभी लोगों ने आपस में बातचीत कर यह निर्णय लिया कि इस बार मुल्ला के सवाल पर आधे लोग कहेंगे कि हमें पता है और आधे लोग यह जवाब देंगे कि हमें नहीं पता।

मुल्ला नसरुद्दीन को तीसरी बार भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया। मंच पर चढ़ने के बाद मुल्ला ने फिर से अपना सवाल दोहराया, "क्या आप सभी जानते हैं कि आज मैं किस विषय पर भाषण देने के लिए आया हूं?"

वहां उपस्थित आधे लोगों से जवाब दिया कि हमें मालूम है और आधे लोगों ने कहा कि हमें नहीं पता। लोगों की बात सुनकर मुल्ला ने कहा, "जिन लोगों को पता है कि मैं भाषण में क्या बोलने वाला हूं, वो आधे अनजान लोगों को बता दें।" इतना कहकर मुल्ला मंच से नीचे उतरे और चले गए।

भाषण सुनने आए सभी लोग एक दूसरे का मुंह देखते रह गए। उस दिन के बाद कभी किसी ने मुल्ला को भाषण देने के लिए नहीं बुलाया

### कहानी से सीख

किसी को भी उसकी मर्जी के बिना कोई काम करने को न कहें। इससे वह उस काम को ठीक तरह से नहीं करेगा।

## Highlights

1. *Those who're arrogant are the ones who're in power: Shashi Tharoor*
2. *Taken out of context: US officer on 'limited value' remark after Indian student's death*
3. *NIA raids 30 locations in Tamil Nadu & Telangana over Coimbatore car blast case*
4. *1 terrorist killed by security forces in Uri, search operation on*
5. *ICMR to procure limited antibody doses from Australia for Nipah treatment*

# Koo, touted as India's Twitter alternative, seeks partnership amid fund crunch

**New Delhi, (Agency).** The home-grown micro-blogging platform, Koo, is actively seeking a partnership with a party possessing robust distribution capabilities, aiming to propel it into a new phase of growth. Co-founder Mayank Bidawatka said the company are currently in discussions with potential partners as they navigate the challenges of an "unfavourable market".

'Growth took a back seat for revenue generation'

Taking to LinkedIn, Bidawatka wrote on Friday that 2023 has posed formidable challenges for startups globally. He added that funding has dwindled, with only early-stage startups nearing breakeven or securing funds, often at reduced valuations and significant markdowns.

Discussing Koo's own situation, Bidawatka explained that the company found itself grappling with the unfortunate timing of a sluggish market. They were compelled to shift their focus from rapid expansion to revenue generation.

He went on to reflect that, had they had six more months on their original trajectory, Koo "would have beaten Twitter in India". He added, "But, we had to become more efficient by curbing expenses and start generating revenue. It takes years to build a globally competitive microblog. Even Threads, from the Godfather of social platforms, is taking time to build basic features."

Elon Musk's X, Mark Zuckerberg's Threads proving tough competition?

In August, Aprameya Radhakrishna, co-founder of Koo, articulated the platform's strategy, emphasising a deliberate avoidance of direct competition with Elon Musk's X (formerly Twitter) or Mark Zuckerberg's recently introduced Threads by Meta. Instead, Koo aims to cater to regional audiences through its language-centric approach, news agency PTIb reported citing Radhakrishna.

Bidawatka reiterated the significance of a microblog tailored for native language speakers in his blog post, asserting that it represents the most inclusive approach to expanding microblogging to a broader global audience.

# Govt hikes windfall tax on petroleum crude, cuts levy on diesel export

**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian government has increased windfall tax on petroleum crude to 10,000 rupees ($120.36) per ton from 6,700 rupees, effective Sept. 16, according to a government notification on Friday.

The government also cut windfall tax on aviation turbine fuel to 3.50 rupees per litre from 4 rupees.

The levy on diesel has been cut to 5.50 rupees per litre from 6 rupees, the notification said.




On Sept. 1, the government cut windfall tax on petroleum crude to 6,700 rupees per ton from 7,100 rupees.

India imposed the windfall tax on crude oil producers in July last year and extended the levy on exports of gasoline, diesel and aviation fuel after private refiners wanted to make gains from robust refining margins in overseas

New Delhi

# दिल्ली में क्यों भड़के किसान, केजरीवाल और LG के घर के बाहर महापंचायत का ऐलान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली देहात के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पालम 360 खाप के बैनर तले आर-पार की लड़ाई शुरू कर दी है। पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आवास के बाहर महापंचायत करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि आज की इस महापंचायत में दिल्ली के 360 गांवों के लोग शिरकत करेंगे और दिल्ली देहात की दो सूत्रीय मांगों को सरकार के सामने रखा जाएगा।



सुरेंद्र सोलंकी ने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से अव्यवहारिक नियमों को दिल्ली देहात के ग्रामीणों पर थोपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहात के गांव हाउस टैक्स नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम सभा की जमीन को डीडीए के सुपुर्द करना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने गांवों पर लाल डोरा की जमीन पर भवन उपनियम लागू करने पर भी ऐतराज जताया है। बता दें कि, इससे पहले पालम 360 खाप दिल्ली और उसके आसपास के 365 गांवों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 3 सितंबर को 'महापंचायत' की थी। उसमें ग्रामीणों ने सरकार को अपने फैसले पर विचार कर वापस लेने के लिए 15 सितंबर तक का अल्टीमेटम दिया था। सोलंकी ने आरोप लगाया था कि ''राष्ट्रीय राजधानी के विकास' में दिल्ली के गांवों के योगदान के बावजूद उन्हें अब झुग्गी बस्तियों में तब्दील किया जा रहा है।

Jharkhand

## चांडिल में तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को रौंदा, 2 पेट्रोलपंप कर्मियों की मौके पर ही मौत

**चांडिल, (एजेंसी) चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच-33 स्थित शहरबेड़ा-पाथरडीह फ्लाईओवर के पास ट्रेलर ने बाइक सवार दो पेट्रोलपंप कर्मियों को रौंद दिया। इससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे की है।**

जानकारी के अनुसार, एदेलबेड़ा के दुखूराम सोरेन एवं खेतूराम सोरेन आसनबनी स्थित पेट्रोलपंप से डयूटी कर बाइक से घर लौट रहे थे। पाथरडीह के पास विपरित दिशा से जा रहे ट्रेलर ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। दोनों युवक की उम्र करीब 25 वर्ष थी। दुर्घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर घटनास्थल पहुंचे तथा मामले की छानबीन की। इधर, ट्रेलर चालक कांदरबेड़ा के पास वाहन छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर लिया है।

Uttarpradesh

## लखनऊ में पुराना मकान गिरा, 5 लोगों की मौत, कई घायल

**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी की राजधानी लखनऊ में बड़ा हादसा हुआ है. आलमबाग के आनंद नगर इलाके में एक पुराना मकान गिर गया जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई. मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं. बताया जा रहा है कि सभी मृतक एक ही परिवार के हैं. रिपोर्ट के मुताबिक आनंद नगर के फतेहअली चौराहे के किनारे वर्षों पुरानी रेलवे कॉलोनी में यह मकान ढह गया जिसमें कई लोगों को जान गंवानी पड़ी. इस हादसे में 3 बच्चों, एक महिला और एक पुरुष की मौत हुई है. मृतकों के नाम सतीश चंद्र (उम्र - 40 साल) सरोजनी देवी (उम्र- 35 साल), हर्षित (उम्र- 13 साल), हर्षिता (उम्र - 10 साल) और अंश (उम्र- 5 साल) हैं.

Haryana

## रोहतक नगर निगम : चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर महिला कर्मचारी से दुष्कर्म, आठ घंटे तक बंधक बनाकर रखने का आरोप

**रोहतक (हरियाणा), (एजेंसी)** पीड़ित महिला ने सिविल लाइन थाने में दी शिकायत में बताया कि एक सितंबर को करीब 10 बजे वह ड्यूटी पर गई थी। एक मकान में मौजूद युवक ने उसे चाय में नशे की गोलियां मिलाकर दे दीं। इससे उसे चक्कर आने लगे। इसके बाद आरोपी उसे अपने कमरे में ले गया और बाहर से ताला लगा दिया।

रोहतक नगर निगम की एक महिला कर्मचारी को चांद नगर में चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर एक युवक ने दुष्कर्म किया और आठ घंटे तक बंधक बनाकर रखा। पुलिस मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर महिला को निकला। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शुक्रवार को नगर निगम कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल आयुक्त से मिला और कर्मचारियों को सुरक्षा देने की मांग की।

40 वर्षीय महिला ने सिविल लाइन थाने में दी शिकायत में बताया कि एक सितंबर को करीब 10 बजे वह ड्यूटी पर गई थी। एक मकान में मौजूद युवक ने उसे चाय में नशे की गोलियां मिलाकर दे दीं। इससे उसे चक्कर आने लगे। इसके बाद आरोपी उसे अपने कमरे में ले गया और बाहर से ताला लगा दिया।

खेल

## एशिया कप फाइनल से पहले टीम इंडिया की लय टूटी; बांग्लादेश ने छह रन से हराया

**कोलंबो, (एजेंसी)** एशिया कप 2023 में सुपर चार राउंड के आखिरी मैच में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश ने भारत को छह रन से हराया। मौजूदा एशिया कप में यह भारत की पहली हार है। हालांकि, टूर्नामेंट के लिहाज से इस मैच का कोई महत्व नहीं था और टीम इंडिया 17 सितंबर को श्रीलंका से फाइनल खेलेगी। वहीं, बांग्लादेश का सफर इस जीत के साथ ही खत्म हो गया।



बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 265 रन बनाए। सबसे ज्यादा 80 रन का योगदान कप्तान शाकिब अल हसन ने दिया। तौहिद ह्रदोय ने 54 और नसुम अहमद ने 44 रन बनाए। भारत के लिए शार्दुल ठाकुर ने तीन और मोहम्मद शमी ने दो विकेट लिए। प्रसिद्ध, अक्षर और जडेजा को एक-एक विकेट मिला।

266 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम सभी 10 विकेट खोकर 259 रन ही बना पाई। शुभमन गिल ने 121 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। 42 रन बनाने वाले अक्षर दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। बांग्लादेश के लिए मुस्तफिजुर रहमान ने तीन विकेट लिए। महेदी हसन और तंजिम हसन को दो-दो विकेट मिले। शाकिब और मेहदी ने एक-एक विकेट लिया।

कप्तान शाकिब अल हसन (80) और तौहीद ह्रदय (54) ने वनडे एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में शुक्रवार को भारत के खिलाफ बांग्लादेश को आठ विकेट पर 265 रन बनाने में मदद की। शाकिब ने 85 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए जबकि तौहीद ने 81 गेंदों पर 54 रन बनाकर कप्तान का अच्छा साथ निभाया। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी हुई। खबर लिखे जाने तक भारत ने 17 ओवरों में दो विकेट पर 74 रन बना लिए थे। शुभमन गिल 42 और केएल राहुल 19 रन बनाकर खेल रहे थे। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बांग्लादेश को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था। एशिया कप से पहले ही बाहर हो चुकी बांग्लादेश ने चार विकेट पर 59 रन पर गंवा दिए थे लेकिन शाकिब और तौहीद ने पारी को संभाला। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद पर शाकिब ने लगातार दो छक्के लगाए।

बांग्लादेश के लिए नासुम अहमद (44) और मेहदी हसन (नाबाद 29) ने भी उपयोगी योगदान दिया। भारत के लिए शार्दुल ठाकुर ने तीन और मोहम्मद शमी ने दो विकेट हासिल किए। प्रसिद्ध कृष्णा, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को एक-एक विकेट मिला। अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी ने नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने तीसरे ओवर में लिटन दास को क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके अलावा 65 रन देकर तीन विकेट लेने वाले शार्दुल ठाकुर ने रन तो खर्च किए लेकिन सर्वाधिक विकेट लेने में सफल रहे।

सिनेमा

## शाहरुख खान की नई हेयर स्टाइल देख कंफ्यूज हुए फैंस, बोले- 'विग या हेयर पैच का...'



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म जवान की सक्सेस को एंजॉय कर रहे हैं। शाहरुख की खुशी इस वक्त सातवें आसमान पर है। ऐसा हो भी क्यों न उनके चाहने वाले उनकी फिल्म जवान पर बेशुमार प्यार जो लुटा रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर जवान की दहाड़ की गूंज कई फिल्मों को हिला कर रख दिया। ऐसे में जावन की पूरी टीम ने बीती रात यानी शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिल्म की लीडिंग लेडी नयनतारा को छोड़ शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण, सुनील ग्रोवर, सान्या मल्होत्रा, रिद्धि डोगरा, डायरेक्टर एटली कुमार सहित पूरी स्टारकास्ट मौजूद रही। इस दौरान सभी ने जमकर मस्ती की और फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प बातें भी शेयर की, लेकिन सभी का ध्यान शाहरुख की न्यू हेयरस्टाइल ने खींचा।

जवान की प्रेस कॉन्फ्रेंस शुक्रवार यानी 15 सितंबर को मुंबई में रखी गई। इस दौरान सभी सितारे अपने ड्रेसिंग सेंस और लुक को लेकर चर्चा में रहें, लेकिन शाहरुख खान अंदाज सबसे जुदा रहा है। इस दौरान शाहरुख खान ने मंच को संभाला और उनके यूनिक हेयर स्टाइल ने हर किसी का ध्यान खींचा। सामने आई तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि शाहरुख ने ब्लैक कलर के कोट-पैंट के साथ व्हाइट शर्ट कैरी की है।

# कई निचले इलाके खाली कराए, सुपर कॉरिडोर में स्टाफ बस पुलिया से गिरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के सुपर कॉरिडोर की सर्विस रोड की एक पुलिया में एक कंपनी की स्टॉफ मिनी बस डूब गए। बस में 15 से ज्यादा कर्मचारी मौजूद थे। सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। सुपर कॉरिडोर के गांधी नगर क्षेत्र और एमआर-10 वाले हिस्से में पानी भर गया। इस कारण आवाजाही भी प्रभावित हुई।**

कर्मचारियों को लेने आई स्टॉफ मिनी बस तेज बहाव के बीच निकलने की कोशिश कर रही थी, इस बीच वह बह कर ग्रीन बेल्ट वाले हिस्से में फंस गई। इस हिस्से में पांच फुट से ज्यादा पानी भरा था। मिनी बस में पानी भरते ही उसमें सवार कर्मचारी जान बचाने के लिए बाहर कुदे। इसके बाद पहुंचे बचाव दल ने पानी में फंसी मिनी बस को भी सुरक्षित निकाला

### इंदौर-खंडवा रोड का आवागमन बंद

भारी वर्षा के कारण इंदौर संभाग की नदियों में बाढ़ आई है। इस कारण ओंकारेश्वर बांध के गेट खोले गए। इससे नर्मदा नदी का जलस्तर भी बढ़ गया। मोरटक्का ब्रिज से आवागमन रोक दिया गया है। इस कारण इंदौर से खंडवा होते हुए महाराष्ट्र जाने वाला ट्रैफिक भी रुक गया है। वाहन खरगोन से होकर खंडवा की तरफ जा रहे है। इंदौर देपालपुर रोड पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ।

### रातभर निगरानी कराते रहे कलेक्टर, रेस्क्यू दल अलर्ट पर

कलेक्टर इलैयाराजा बारिश के दौरान लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन ने बताया कि हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। होमगार्ड और सिविल डिफेंस के दल को भी पूरे उपकरणों के साथ अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### घंटों तक पेड़ के सहारे फंसा रहा पूर्व मंत्री का बेटा

बारिश के कारण चोरल नदी में दुर्घटना हुई। मनावर की पूर्व विधायक और मप्र की पूर्व मंत्री रंजना बघेल का बेटा यशवर्धन शुक्रवार शाम दोस्त तेजस के साथ नदी के बीच गाड़ी ले जाकर पार्टी कर रहा था। इस दौरान नदी में पानी बढ़ जाने से दोनों गाड़ी सहित बह गए। यश कई घंटों तक पेड़ के सहारे फंसा रहा। फिर उसका हाथ छूटा और पानी में बह गया। देर रात ग्रामीणों ने दोनों को बचा लिया। पूर्व मंत्री बघेल जानकारी मिलते ही बेहोश हो गई थीं। कलेक्टर ने वीकैंड पर पिकनिक स्पॉट पर नहीं जाने की अपील की है। इससे पहले कल शाम 4.30 बजे ही काली घटाएं ऐसी छाईं कि लगा रात हो गई। बीआरटीएस से लेकर सुपर कॉरिडोर तक सभी गाड़ियों के हेडलाइट जलाना पड़े। घर और दुकानों पर भी लाइट्स ऑन करना पड़ गए। इधर, कई निचली कॉलोनियों में पानी घुस गया। विजय नगर इलाके में लोगों के घरों में घुटने घुटने पानी भर गया। उसके बाद रातभर भी पानी बरसा है।



## ◆ ड्रेनेज सिस्टम की खुली पोल

तेज बारिश ने फिर ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी। तेज रफ्तार से पानी गिरा तो सड़कें और चौराहे स्विमिंग पूल बन गए। वाहन चालक पानी में फंसे तो कई इलाकों में ट्रैफिक जाम हो गया। निगम कंट्रोल रूम पर दो घंटे में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों से जलजमाव की शिकायत पहुंची। तुलसीनगर में ड्रेनेज लाइन ओवर फ्लो होने लगी। बिलावली जोन के विशाल नगर, अपोलो सिटी खंडवा रोड, अहिल्या आश्रम रोड, विजय नगर, लसूड़िया, बाणगंगा, एरोड्रम रोड, सुदामा नगर, कृष्णबाग कॉलोनी सहित कई इलाकों में पानी भरने की शिकायत दर्ज की गई। उधर, करीब 1000 शिकायतें बिजली कंपनी के कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर पर पहुंचीं।

## ◆ इन कॉलोनियों, मोहल्लों में भी भरा पानी

जोरदार बारिश से शहर के कई कई क्षेत्रों में पानी भर गया। इनमें आशीष रीजनल कॉलोनी, मां अंबिका नगर, पल्हर नगर, साठ फीट रोड, विशाल नगर, पटेल नगर, चौहान नगर, मिश्र नगर, स्कीम 71, चांदमारी का भट्टा, संचार नगर, श्रीयंत्र नगर, लवकुश (भौंरासला), सुदर्शन नगर, शिवधाम कॉलोनी, वेंकटेश नगर, छोटा बांगड़दा, तुलसी नगर, गीता भवन माय होम होटल रोड, विजयश्री नगर, पंचवटी नगर, धनलक्ष्मी कॉलोनी आदि स्थानों के हालात बिगड़ गए। शहर के भीतरी इलाकों में तेज बारिश से किसी बड़े नुकसान या बहने की सूचना नहीं है।

### 90 से ज्यादा स्थानों पर सड़कें और चौराहे पानी में डूबे

### 150 से अधिक कॉलोनियां-इलाकों में देर रात 2 बजे तक बिजली गुल रही

6 घंटे बीआरटीएस, एमजी रोड, छावनी, सियागंज, बड़ा गणपति, राऊ सर्कल, खजराना चौराहा, सुखलिया आदि इलाकों में जाम लगा रहा।

### विनोबा नगर, नाले का पानी घर में घुसा

विनोबा नगर में नाले का पानी घरों में घुस गया। स्कीम 78 स्लाइस 3 की मुख्य गली, शिव पार्वती नगर, 60 फीट रोड, पल्हर नगर, केसरबाग, खातीपुरा, अरविंद नगर, चंद्रनगर, व्यंकटेश नगर, राहुल गांधी नगर सहित कई इलाकों व निचली बस्तियों में जलजमाव हो गया। कनाड़िया क्षेत्र में शिव मंदिर के पास गलियों में भी पानी भर गया।

### कई चौराहों पर सिग्नल बंद हुए

राजबाड़ा के सामने पानी भरा गया। राजबाड़ा से छतरी तक जाने वाली रोड पर भी जलजमाव हुआ। पंढरीनाथ, जवाहर मार्ग, हाथीपाला, रेलवे स्टेशन ट्रैफिक जाम में फंसे रहे। बारिश शुरू हुई तो कारों की संख्या भी एकदम से सड़कों पर बढ़ गई। वहीं रोड खराब होने, लाइट गुल होने से सिग्नल बंद हो गए। इस कारण भी ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

### रोड और नाला एक लेवल में आ गए

चंद्रभागा मेनरोड किनारे का नाला और रोड एक ही लेवल में आ गए। नाले में इतना पानी भरा गया कि अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा था कि रोड कहां तक है। सड़क किनारे खड़े लोग वाहन चालकों को चेतावनी देते रहे। वहीं रोड तो पहले से खराब थी, बारिश की वजह से इतना पानी भरा गया कि कई दोपहिया वाले गिर ही गए।

### खजराना चौराहा पर स्थिति सबसे खराब

पूर्वी रिंग रोड पर बंगाली चौराहा से खजराना चौराहा की ओर जाने वालों को भारी परेशानी हुई। चौराहे पर गड्ढे, गहरी नाली खुदी होने से वाहन 20-20 मिनट में भी नहीं निकल पा रहे थे। दो दिन पहले भी यही स्थिति थी। वहीं सर्विस रोड पर भी भारी जलजमाव हो गया, जिसकी वजह से वाहनों का लोड रिंग रोड पर आ गया था।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।